**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 203**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (कोर)

## भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा।

भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं।

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **7** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट : (i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड 'क'**

**1.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 4

नील जल में या

किसी की गौर, झिलमिल देह

जैसे हिल रही हो।

और

जादू टूटता है इस उषा का अब

सूर्योदय हो रहा है।

**2.** 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' - पंक्ति की आवृत्ति से कविता की किस विशेषता का पता चलता है ? 2

**3.** हरिवंशराय बच्चन ***अथवा*** तुलसीदासजी के जीवन रचनाओं एवं साहित्यिक विशेषताओं का परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 4

बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति, शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते हैं।

**5.** (क) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं ***चार*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

**अथवा**

'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ? 2

**खण्ड 'ख'**

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 5 = 10$

(क) दृश्य श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य माध्यमों की क्या सीमाएँ हैं ? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता है ?

(ख) समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) परीक्षा को लेकर अध्यापक और शिष्य के बीच संवादों को लिखिए।

**अथवा**

नकल रहित परीक्षा के संचालन में अध्यापक और विद्यार्थियों की भूमिका पर संक्षिप्त नोट लिखें।

**खण्ड 'ग'**

**7.** ***'वितान भाग-2'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'जूझ' पाठ में कविता के प्रति लगाव के बाद अकेलेपन के बारे में लेखक की अवधारणा में क्या बदलाव हुआ ?

(ग) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) अज्ञातवास के समय ऐन की क्या-क्या रुचियाँ थी ?

(ङ) कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने क्या घोषित किया कि जिससे ऐन को खुशी मिली थी।

**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 204**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

**प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा।**

**भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं।**

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **8** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट : (i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

## खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

आह वेदना मिली विदाई !
मैंने भ्रमवश जीवन संचित
मधुकरियों की भीख लुटाई
छल-छल थे संध्या के श्रमकण
आँसू से गिरते थे प्रतिक्षण
मेरी यात्रा पर लेती थी
नीरवता अनंत अँगड़ाई।

**अथवा**

जब हम सत्य को पुकारते हैं
तो वह हमसे परे हटता जाता है
जैसे गुहारते हुए युधिष्ठिर के सामने से
भागे थे विदुर और भी घने जंगलों में
सत्य शायद जानना चाहता है
कि उसके पीछे हम कितनी दूर तक भटक सकते हैं।

**2.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण थे ? 2

(ख) कवि को धरती और मन की भूमि में क्या-क्या समानताएँ दिखाई पड़ती हैं ? 2

## खण्ड – ख

**3.** निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 5

हरगोबिन ने भाँप लिया, यह आदमी चिड़चिड़े स्वभाव का है, इससे कोई बातचीत नहीं जमेगी। वह फिर बड़ी बहुरिया के संवाद को मन-ही-मन दुहराने लगा ....... लेकिन संवाद सुनाते समय वह अपने कलेजे को कैसे संभाल सकेगा। बड़ी बहुरिया संवाद कहते समय जहाँ-जहाँ रोई है, वहाँ वह भी रोयेगा।

**अथवा**

लड़की अब बिल्कुल बराबर में खड़ी अर्चन कर रही थी। संभव ने यकायक मुड़कर उसकी ओर गौर किया। उसके कपड़े एकदम भीगे हुए थे, यहाँ तक कि उसके गुलाबी आँचल से संभव के कुर्ते का एक कोना भी गीला हो रहा था। लड़की के लंबे गीले बाल पीठ पर काले चमकीले शॉल की तरह लग रहे थे ?

**4.** निर्मल वर्मा अथवा ममता कालिया के जीवन, रचनाओं तथा साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए -

लेखक ने अपने पिताजी की किन-किन विशेषताओं का वर्णन किया है ? 2

**अथवा**

प्रकृति के कारण विस्थापन और औद्योगिकरण के कारण विस्थापन में क्या अंतर है ?

**खण्ड – ग**

**6.** 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) इंटरनेट पत्रकारिता सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध कराता है, परन्तु इसके साथ ही उसके कुछ दुष्परिणाम भी हैं। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए - $2 \times 5 = 10$

(ख) कहानी के घटक कौन-कौन से होते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – घ**

**7.** 'अन्तराल' में पठित पाठों के आधार पर उत्तर दीजिए -

(क) महीप अपने विषय में पूछे जाने पर उसे टाल क्यों देता था ? 2

(ख) फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं, कैसे ? 2

(ग) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। इसके क्या कारण हैं ? 2

**8.** हमारी आज की सभ्यता इन नदियों को अपने गंदे पानी के नाले बना रही है। क्यों और कैसे ? $1 \times 4 = 4$

**अथवा**

'आरोहण' कहानी की मूल संवेदना क्या है ? स्पष्ट कीजिए।